कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा, सीकर (राज.)

कार्यालय आदेश

श्रीमान् निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर के आदेश क्रमांक – शिविरा/प्रारं/शैक्षिक/सी/19626/09–10/18–19, दिनांक 29.1.09 के निर्देशानुसार निम्नांकित गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं को उनके द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं अण्डरटेकिंग प्रस्तुत करने के आधार पर निम्न शर्तो के अधीन सत्र 2009–10 से उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यालय की मान्यता का आशय पत्र जारी किया जा कर शिक्षा सत्र 2009–10 से कक्षा – 6 प्रारम्भ करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। संलग्न सूचना प्रपत्र भरकर आवश्यक रुप से ब्लॉक एवं जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.शि.) कार्यालय में जमा करवायेंगे।

1. संस्था की राजस्थान गैर सरकारी संस्था अधिनियम 1989 एवं नियम 1993 में वर्णित सभी प्रावधानों व मानदण्डों की पालना करनी होगी, शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार ही शिक्षण कार्य करवाना होगा।
2. प्रधानाध्यापक, अध्यापक एवं शारीरिक शिक्षक सभी निर्धारित योग्यताधारी हों। प्रतिमाह नामांकन, संस्थापन व अन्य सूचनायें उच्चाधिकारियों को प्रस्तुत करनी होगी।
3. संस्था को किसी प्रकार का अनुदान देय नहीं होगा।
4. संस्था को विद्यालय प्रारम्भ करने की सूचना इस कार्यालय, ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्य डाइट व संयोजक, जिला समान परीक्षा, सीकर को अत्यावश्यक रुप से भिजवानी होगी। प्रतिवर्ष क्रीड़ा शुल्क व परीक्षा शुल्क नियमानुसार समय पर जमा करवाना होगा।
5. संस्था को सक्षम स्तर द्वारा जारी भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र प्रति तीन वर्ष में आवश्यक रुप से जिला शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।
6. संस्था द्वारा विद्यालय संचालन नहीं करने पर मान्यता का आशय पत्र निरस्त समझा जावेगा।
7. विद्यालय के नाम, स्थान व भवन परिवर्तन सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के बिना नहीं किया जा सकेगा।
8. राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग द्वारा समय समय पर जारी दिशा निर्देशों व नियमों की पालना नहीं करने एवं विद्यालय निरीक्षण के समय अनियमितता पायी जाने पर तत्काल प्रभाव से मान्यता का आशय पत्र निरस्त किया जा सकता है।

क्र. सं.	संस्था का नाम	माध्यम	ब्लॉक का नाम
1	रेडोनेन्स पब्लिक स्कूल, राजनगर, पलसाना	अंग्रेजी	पिपराली
2	हिन्द पब्लिक शिक्षण संस्थान, पुरोहित का वास	हिन्दी	पिपराली
3	यश पब्लिक स्कूल, रानोली	अंग्रेजी	पिपराली
4	श्री मंगलचन्द डीडवानियां विद्या मंदिर, खोरी ब्राह्मणान (रघुनाथगढ़)	अंग्रेजी	पिपराली
5	ब्राइट केरियर शिक्षण संस्थान, महरमपुरा (वाजोर)	हिन्दी	पिपराली

sd
जिला शिक्षा अधिकारी
प्रारंभिक शिक्षा, सीकर

क्रमांक – जिशिअ/प्रारं/सी/सा–1/मान्यता/09/946-952 दिनांक -31.3.09

प्रतिलिपि – सूचनार्थ एवं पालनार्थ

1. श्रीमान् निदेशक (प्रारंभिक शिक्षा) राजस्थान, बीकानेर।
2. श्रीमान् उप निदेशक (प्रारंभिक शिक्षा) जयपुर संभाग, जयपुर।
3. प्रधानाचार्य, डाईट, सीकर।
4. ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी समय समय पर विद्यालयों का निरीक्षण कर विभागीय निर्देशों व शर्तो की पालना सुनिश्चित करवायेंगे।
5. संबंधित संस्था प्रधान/सचिव श्री मंगलचन्द डीडवानियां विद्या मंदिर खोरी ब्राह्मणान रघुनाथगढ़
6. संयोजक एवं प्रधानाध्यापक, जिला समान परीक्षा/क्रीड़ा प्रतियोगिता, सीकर।
7. रक्षित पत्रावली।

जिला शिक्षा अधिकारी
प्रारंभिक शिक्षा, सीकर